तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 31 मई 2025

12 शहर के चौकों का रूप बदलेगा, शिक्षण संस्थान संभालेंगे सौंदर्यकरण...



12 पॉक्सो एक्ट, डायल 1098 व 112 का उपयोग समझाया



**खबर संक्षेप**

### चरित्र निर्माण एवं योग प्रशिक्षण शिविर

**सोनीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीसवांमील में 1 जून से 5 जून तक चरित्र निर्माण एवं योग प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर के दौरान 21 जून योग दिवस के प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए शिविरार्थियों को योगासन, प्राणायाम, षट्कर्म, प्राकृतिक चिकित्सा, बौद्धिक शिक्षा व आत्म रक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह शिविर शिक्षा विभाग सोनीपत, श्री गायत्री योग संस्थान ट्रस्ट राठधना, सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद सोनीपत व आईएनओ के संयुक्त तत्वाधान में लगाया जाएगा।

### प्लाट पर कब्जे का आरोप, केस दर्ज

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित बड़ौत के राजस्व में स्थित प्लाट पर कब्जे के मामले में थाना बड़ी पुलिस ने केस दर्ज किया है। प्लाट मालकिन छोटी मंडी निवासी मंजू जैन ने थाना बड़ी में दी शिकायत में बताया कि उनका बड़ौत के राजस्व में 800 वर्ग गज का प्लाट है। प्लाट की रजिस्ट्री भी उनके नाम है। अब उसके प्लाट पर प्रदीप, रोहित व 10-12 बदमाशों ने मिलकर कब्जा कर लिया।

### जिप एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक, शिकायत की सुनवाई के दौरान मौजूद नहीं थे अधिकारी

# मंत्री ने दिए स्वास्थ्य अधिकारी के निलंबन के आदेश, सिविल सर्जन ने बताया छुट्टी पर

**बैठक में प्रस्तुत 24 शिकायतों में से अधिकतर का किया गया मौके पर समाधान**

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में गांव जाजी निवासी विनोद कुमार ने पत्नी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ना होने की फरियाद बताई तो उसका जवाब देने के लिये मौके पर ना ही सिविल सर्जन थी और ना ही कोई लिंक अधिकारी। इस पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे राज्यमंत्री गौरव गौतम ने स्वास्थ्य अधिकारी के निलंबन के आदेश दे दिए। हालांकि कुछ समय बाद ही बैठक में सिविल सर्जन डॉ. ज्योत्सना पहुंचीं और छुट्टी पर होने की बात बताई तो मामला कुछ शांत हुआ। जबकि पत्रकारवार्ता में राज्यमंत्री ने कम्यूनिकेशन गैप का जिक्र करते हुए कहा कि वे आदेश दे चुके हैं।



सोनीपत। अपनी शिकायत रखते हुए डॉ. राजसिंह सांगवान।

युवा खेल, अधिकारिता एवं उद्यमिता तथा कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम शुक्रवार शाम लघु सचिवालय में जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में पहुंचे थे। उन्होंने 24 परिवादों की सुनवाई की, जिनमें से ज्यादातर का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए। बाकी मामलों में संबंधित अधिकारियों को समय पर कार्रवाई के आदेश दिए गए। बैठक में नागरिक अस्पताल से जुड़ी शिकायत पर बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी नहीं मिला तो मंत्री ने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताकर लिंक अधिकारी को निलंबन के आदेश दिए। राज्य मंत्री ने कहा कि अधिकारियों की बैठक में मौजूदगी जरूरी है। जनता की शिकायतें सुनना और उनका समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। बैठक से नदारद रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवार एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के दौरान विधायक निखिल मदान, पवन कुमार, पुलिस आयुक्त ममता सिंह, उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार उपस्थित रहे।

#### इन शिकायतों की भी सुनवाई की

- प्रार्थी पिंकी की शिकायत थी कि उसकी जमीन पर लगे बीएसएनएल टावर का एग्रीमेंट पूरा हो चुका है, इसलिए टावर को हटवाया जाए। इस पर राज्य मंत्री ने तुरंत निर्देश दिए कि केंद्र सरकार के नियमानुसार कार्रवाई कर बीएसएनएल टावर को हटाया जाए।
- नांगल कलां निवासी सुरेंद्र की मारपीट संबंधी शिकायत की निष्पक्ष जांच के लिए मंत्री ने संबंधित एसीपी को जांच सौंपने के निर्देश दिए।
- गांव भुर्री निवासी सोहना देवी की आवास संबंधी शिकायत पर राज्य मंत्री ने उपायुक्त को निर्देश दिए कि नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उनके लिए शीघ्र आवास निर्माण सुनिश्चित किया जाए।
- भीमनगर, सोनीपत के निवासियों द्वारा गंदे पानी की निकासी की समस्या को लेकर दी गई शिकायत पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्या का स्थायी समाधान शीघ्र सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

#### भाजपा नेता की शिकायत, जांच अधिकारी बदला

बैठक में डॉ. राज सिंह सांगवान की ओर से दी गई धोखाधड़ी संबंधी शिकायत पर राज्य मंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए किसी अन्य पुलिस अधिकारी से जांच करवाई जाए। गांव रिढ़ाऊ के लोगों ने पेयजल समस्या के समाधान के लिए ट्यूबवेल लगवाने की मांग की। जिस पर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में सरपंच के साथ योजना बन चुकी है और जल्द समाधान किया जाएगा।



## प्लास्टिक पर्यावरण के लिए घातक : हुड्डा

**गोहाना।** गांव बुटाना में 22 मई से 3 जून तक पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम चल रहा है। कार्यक्रम में ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के लिए गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया। खंड कार्यक्रम प्रबंधक आनंद हुड्डा ने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण के लिए बहुत घातक है। पर्यावरण संरक्षक हम सब की जिम्मेवारी है। ऐसे में हमें इसके उपयोग से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं इस दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इसकी शुरूआत वे अपने घर से करें और इसे एक अभियान का रूप दें। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुमन, अनीता, इशवंती, ममता व मीना मौजूद रहे।

South Point
GROUP OF INSTITUTIONS, SONIPAT
Run by Mange Ram Educational and Charitable Trust (Regd.)
98120 20033, 98124 21919, 90344 72910
Direct Admission
www.southpoint.net.in
SOUTH POINT INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT
B.Tech / LEET (CSE, ECE, MECHANICAL, CIVIL)
M.Tech (CSE, ECE) • M.Tech Part Time (ECE / CSE)
SOUTH POINT SCHOOL OF POLYTECHNIC
Diploma / LEET (CSE, ECE, ELECTRICAL, MECHANICAL, CIVIL, MLT)
SOUTH POINT SCHOOL OF COMPUTER APPLICATION & MANAGEMENT
BBA, BCA, MBA, MCA
SOUTH POINT COLLEGE OF LAW B.A. LL.B (Hons.), L.L.B. (Hons.), LLM (Hons.)
SOUTH POINT DEGREE COLLEGE
B.A., B.Sc. (Medical / Non-Medical), B.Com, M.Com, PGD (Yoga)
M.Sc. (Physics, Chemistry, Maths) • M.A. (English, Hindi, History, Pol. Science)
SOUTH POINT P.G. COLLEGE OF EDUCATION
B.Ed., M.Ed., JBT / D.Ed., B.P.Ed.
MANGE RAM WOMEN'S COLLEGE OF EDUCATION B.Ed.
SOUTH POINT COLLEGE OF PHARMACY
D.Pharm, B.Pharm, B. Pharm / Leet
MANGE RAM COLLEGE OF PHARMACY D.Pharm
SOUTH POINT COLLEGE OF NURSING
B.Sc. (Nursing)
SOUTH POINT WORLD SCHOOL
SOUTH POINT PUBLIC SCHOOL
CBSE Affiliated, Senior Secondary Schools
DILBAG S. KHATRI
Chairman

## आटो से 33 हजार व मोबाइल चोरी कर भागे बाइक सवार

हरिभूमि न्यूज . खरखौदा

सोनीपत के पटेल नगर में रहने वाले राजू ने थाने में शिकायत दी है कि 27 मई की रात करीब 11.30 बजे रोहणा गांव के पास बाइक सवार तीन लड़के उसका मोबाइल और 33 हजार रुपये चोरी कर भाग गए। राजू मूल रूप से गांव बासवानी, जिला आगरा का रहने वाला है। वह अब कई साल से सोनीपत के पटेल नगर में रह रहा है और ऑटो चलाता है। राजु ने बताया कि वह अपनी ऑटो में पशुपति ग्लास की दुकान से दरवाजों के शीशे लेकर बेरी गया था। वहां शीशे उतारने के बाद उसे 33 हजार रुपये की पेमेंट मिली थी। जिसे लेकर वह रात को सोनीपत लौट रहा था। रास्ते में रोहणा गांव के पास उसे लघु शंका हुई। उसने आंटो के गल्ले में अपना मोबाइल और पैसे रख दिए और खेत में चला गया। झाड़ियों के पीछे लघुशंका करने के बाद जब वह लौटा तो देखा कि एक बाइक पर तीन लड़के उसके ऑटो के पास खड़े थे। उसे आता देख वे भाग गए। राजू ने जब गल्ला चेक किया तो उसका काले रंग का पर्स, जिसमें 33 हजार रुपये थे और मोबाइल फोन गायब था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नॉन मेडिकल स्ट्रीम की जिला की टॉपर प्रांजलि को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज . खरखौदा

कल्पना चावला विद्यापीठ में शुक्रवार को जग उत्थान खेल व शिक्षा समिति द्वारा 10 वीं व 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्नेहा दहिया, सोमबीर आर्य और मनजीत दहिया रहे। मंच संचालन विद्यालय की शिक्षिका शीतल ने किया। मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय के निदेशक, प्रबंधक और प्रधानाचार्या द्वारा किया गया। मुख्य अतिथियों विज्ञान संकाय (नॉन मेडिकल) में जिला स्तर पर प्रथम स्थान पर आने वाली प्राजंलि (97.4%) और वाणिज्य संकाय में हर्षिका (92.4%)और कला संकाय में हिमांशी (94.4%) और अनुराधा (96.2%), अनुष्का (96%) को नकद राशि देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथियों ने सभी विद्यार्थियों को अपने मूल्यवान शब्दों से प्रेरित करते हुए हमेशा हर क्षेत्र में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया और एक छोटी सी कहानी के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को बताया कि आजकल पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। हमें हर गतिविधि में खुद को आगे रखना चाहिए। साथ ही विद्यालय में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों तीन सदनों - सत्यम्, शिवम् और सुंदरम् में विभाजित किया गया है। तीनों सदनों के कप्तान, उप कप्तान, सेक्रेटरी को नियुक्त किया गया। तीनों सदनों के प्रमुख अध्यापक व अन्य सहायक अध्यापकों और विद्यार्थियों को उनकी जिम्मेदारियों और कर्तव्य के लिए प्रोत्साहित किया।



खरखौदा। छात्रों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

## तेज आवाज में गाने बजाने से रोकने पर की मारपीट

गोहाना। गांव सिवानका में पड़ोसी को तेज आवाज में गाने बजाने से रोकने पर सगे दो भाइयों से मारपीट की। दोनों भाइयों को डंडों से पीटा गया। उनको नागरिक अस्पताल से भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। गांव सिवानका के जयबीर ने पुलिस को बताया कि मोहित उसका पड़ोसी है। उसने अपने ट्रैक्टर पर स्पीकर व म्यूजिक सिस्टम लगवा रखा है। वह तेज आवाज में गाने बजाता है, जिस पर उसने उसे रोकने की कोशिश की। वह खेत से घर आ रहा था तो मोहित से तेज आवाज में गाने बजाने से मना किया, जिस पर वह गाली देने लगा। इसके बाद मोहित व उसके साथियों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर मचाने पर उसका भाई राजबीर आया तो उसके साथ भी मारपीट की।

सार्वजनिक स्थलों पर
धूम्रपान निषेध है
साथ ही यह
दण्डनीय अपराध है
NO SMOKING
NO TOBACCO
31 मई
विश्व तम्बाकू निषेध दिवस
जनहित में जारी
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
हरिभूमि द्वारा "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" (31 मई 2025)
के अवसर पर रेलवे स्टेशन, सोनीपत पर प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक
'तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान' का आयोजन किया जा रहा है।
आप भी हस्ताक्षर करके इसका हिस्सा बनें और अपने संबंधियों व
मित्रों को तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने की शपथ दिलाएं।
सौजन्य से
GVM COLLEGE, SONEPAT
JAIN VIDYA MANDIR SR. SEC. SCHOOL
For ever forward and higher
LEARNING YARD
BE YOUR OWN HERO

## महाराज अरूट की जयंती पर चौक का लोकार्पण

- विधायक निखिल मदान ने निजी कोष से करवाया है महाराज अरूट की मूर्ति का निर्माण

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

शुक्रवार को शहर के सेक्टर 27 पुलिस थाने के पास बने चौक का लोकार्पण विधायक निखिल मदान द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर निगम मेयर राजीव जैन और सोनीपत के पंजाबी समाज के सैकड़ो गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि उनके मेयर कार्यकाल के दौरान उनकी भी सोच थी और राष्ट्रीय पंजाबी महासभा और सोनीपत की पंजाबी समाज से जुड़ी अनेक संस्थाओं ने उन्हें महाराज अरूट चौक बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा था, जिसका संज्ञान लेते हुए उन्होंने निगम की हाउस बैठक में महाराज अरूट चौक बनाने का प्रस्ताव पास करवाया था। अरूट महाराज को भगवान श्रीराम के पुत्र पुत्र राजा लव का वंशज माना जाता है। विधायक निखिल मदान ने कहा कि महापुरुष किसी एक जाति के नहीं होते, महापुरुषों का आशीर्वाद 36 बिरादरी पर होता है। इस अवसर पर मेयर राजीव जैन ने भी समस्त पंजाबी समाज को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि उनके मेयर कार्यकाल में भी 36 बिरादरी के महापुरुषों के नाम से चौक बनाए जा रहे हैं और सड़कों का नामकरण किया जा रहा है।



सोनीपत। प्रतिमा का अनावरण करते हुए विधायक साथ में मेयर एवं अन्य।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक अनिल ठक्कर, निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, महेश लूथरा, संजीव वलेचा, त्रिभुवन कौशिक, सुरेंद्र नैय्यर, नवीन तंवर, मंडल अध्यक्ष गौरव भोला, कमल हसीजा, पवन तनेजा, मोहन सिंह मनोचा, तिलक राज सेतिया, कच्चे क्वार्टर मार्केट प्रधान राकेश चोपड़ा, पवन बत्रा, मुकेश बत्रा, सतीश विरमानी, दिनेश तनेजा, बीआर आहूजा, वासुदेव सुखीजा, सागर चोपड़ा, सुरेश भारद्वाज, हंसराज जौहर, अनिल, शशिकांत कौशिक, अशोक टुटेजा, सतीश विज, अशोक सरदाना, भारत भूषण, परमानंद बत्रा, अशोक सरदाना, प्रदीप वाधवा, रमेश मदान, अनिल सेठ, अमित सुखीजा आदि लोग मौजूद रहे।

## 38 दिव्यांग विद्यार्थियों के बीच बांटी टीएलएम किट

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

जिले में दिव्यांग विद्यार्थियों के शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में काम करते हुए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विशेष आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों को टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मैटेरियल) किट्स वितरित की गई। इसका उद्देश्य इन विद्यार्थियों को उनकी उम्र और आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षण सामग्री प्रदान कर उनकी पढ़ाई को सहज एवं प्रभावी बनाना था।

यह कार्यक्रम जिला परियोजना संयोजक कार्यालय द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य भूमिका जिला परियोजना संयोजक सुजाता खत्री, सहायक परियोजना संयोजक रूपेंद्र पूनिया, अमित भनवाला एवं डॉ. अतर सिंह ने निभाई। इस अवसर पर जिले के सभी खंडों से विशेष अध्यापक उपस्थित रहे, जिन्होंने सूची के अनुसार अपने-अपने खंड की टीएलएम किट प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक विकास में सहायक सामग्री उपलब्ध कराना था। एपीसी डॉ. अतर सिंह ने जानकारी दी कि यह टीएलएम किट्स विद्यार्थियों के आयु वर्ग के अनुसार वितरित की गई। कुल 38 टीएलएम किट्स का वितरण किया गया। डॉ. अतर सिंह ने बताया कि इन किट्स की मदद से दिव्यांग विद्यार्थी अपने अध्ययन कार्य को सुचारू रूप से जारी रख सकेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त विशेष शिक्षकों एवं परियोजना दल का सराहनीय सहयोग रहा।



टीएलएम किट्स देते हुए एपीसी।

#### वितरण का वर्गीकरण इस प्रकार रहा

| | |
|---|---|
| 0–3 वर्ष आयु वर्ग | 1 किट |
| 3–6 वर्ष आयु वर्ग | 10 किट |
| 6–12 वर्ष आयु वर्ग | 10 किट |
| 12–15 एवं 16–18 वर्ष आयु वर्ग | 17 किट |



ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं। एक शरीर के चारों ओर खून पंप करता है, जबकि बाकी दो दिल गलफड़ों में खून पंप करते हैं।



ध्रुवीय भालुओं की त्वचा काली होती है, जो उन्हें आर्कटिक जलवायु में गर्म रहने के लिए सूर्य से ऊष्मा अवशोषित करने में मदद करती है।

# गेमिंग इंडस्ट्री में भी विद्यार्थियों के लिए करियर संभव



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर विद्यार्थी 12वीं कक्षा करने के बाद किसी ऐसे करियर की तलाश में रहता है, जिसमें वह ग्रोथ होने के साथ ही अच्छा पैसा भी कमा सके। तो आज हम आपके लिए एक बेहतर करियर ऑप्शन लेकर आए हैं। आज जिस करियर विकल्प के बारे में हम बात करेंगे वह है गेमिंग इंडस्ट्री। इस क्षेत्र में आने के लिए अगर सोचा भी होगा तो आपके मन में कई सवाल आ रहे होंगे कि इस फील्ड में कैसे करियर बनाया जा सकता है, कितनी एजुकेशनल क्वालिफिकेशन होनी चाहिए, इस फील्ड में बेहतर जॉब मिलेगी भी या नहीं? इस क्षेत्र में करियर बनाना युवाओं को खासा पसंद होता है।

## फुल टाइम जॉब

इस समय देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा फुल टाइम इंप्लाई काम कर रहे हैं, जिनमें 30 प्रतिशत प्रोगामर और डेवलपर हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में यह क्षेत्र 20 से 30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करने वाला है। इससे डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों जॉब्स पैदा होने की संभावनाए हैं।



### गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के लेवल, उसके कैरेक्टर्स आदि तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर गेम को इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। गेम राइटिंग और डायग्राम बनाकर इसके अलग-अलग वर्जन तैयार करते हैं। उन्हें डिटेल्ड टेक्नीकल नॉलेज होने के साथ ही उसकी सोच भी क्रिएटिव होनी चाहिए। गेम बनाने के लिए डिजाइनर, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल्स की टीम काम करती है।

## क्या चाहिए योग्यताएं

- कैंडिडेट ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होनी चाहिए।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- कंप्यूटर साइंस, गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, कंप्यूटर ग्राफिक्स, आर्ट, एनिमेशन, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स करने पर भी इस इंडस्ट्री में शानदार अवसर है।

### स्किल्स

- इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं को एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट, कैरेक्टर डिजाइन और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस क्षेत्र में जावा, 2 डी गेम डेवलपर्स और 3 डी डेवलपर्स के लिए अपार संभावनाएं हैं।
- गेम डिजाइनिंग के साथ-साथ 3 डी मॉड्यूलिंग और 2 डी सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होनी चाहिए।

## आगे बढ़ेगा करियर

### जॉब प्रोफाइल

- गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर करियर बना सकते हैं.

### सैलरी

शुरुआत में 3 से 5 लाख रुपये सालाना की नौकरी आसानी से मिलती है। अनुभव होने पर 13 से 15 लाख रुपये का पैकेज मिलता है. जबकि, गेम प्रोड्यूसर 10 लाख रुपये तक सालाना कमा रहे हैं।

### कोर्स

- यूआइ/यूएक्स डिजाइनिंग
- बीएससी इन गेमिंग
- बीएससी इन एनीमेशन एवं गेमिंग
- बीएससी इन एनिमेशन गेम डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) कंप्यूटर गेम्स डिजाइन

### अरबों डॉलर का सेक्टर

आज के समय में लोगों के बीच गेम खेलने का शौक आम बात हो गई है, बच्चों से लेकर बड़े तक हर कोई ऑनलाईन गेम खेलना पसंद करता है। जिसके कारण ही यह सेक्टर अब अरबो डॉलर का हो गया है। आप भी अगर उन लोगों में शामिल हों जो प्रतिदिन घंटो अपना समय मोबाइल या कंप्यूटर पर गेम खेलते हुए बिताते हैं। तो आप गेमिंग के फील्ड में आपना बेहतरीन कॅरियर बना सकते हैं। इस क्षेत्र में छात्र गेम डिजाइनिंग या गेम डेवलपर, एनीमेशन, गेम राइटर आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं, अगर आप इस सेक्टर में जाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद किसी भी यूनिवर्सिटी या संस्थान से विभिन्न विषयों में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक डिग्री कोर्स कर सकते हैं।

### खुद का काम भी कर सकते हैं

गेमिंग इंडस्ट्री में कॅरियर बनाना अब आसान होता जा रहा है, आप ऊपर दिए गए कोर्सेस में से कोई एक कोर्स करके अपना भविष्य बना सकते हैं, आपको इस लाइन में गेम प्रोड्यूसर, गेम डिजाइनर, एनिमेटर, ऑडियो प्रोग्रामर, ग्राफिक प्रोग्रामर, स्पोर्टस प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसस बन सकते हैं। आप सेल्फ गेम जोन भी डाल सकते हैं, आजकल बड़े-बड़े मॉल्स में भी गेम जोन रहते हैं, जिनसे कमाई भी बहुत अच्छी होती है।

---

यह एक यूनिक स्पेस्लाइजेशन, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को देता रफ्तार

# रूरल मैनेजमेंट में कोर्स कर बना सकते हैं अच्छा करियर, गांव के विकास में मददगार

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## अच्छी जॉब, सैलरी भी काफी अच्छी

भारत की आजादी के बाद से जीडीजी में एग्रीकल्चर का योगदान 50 फीसदी से ज्यादा है। वहीं 70 फीसदी आबादी आज भी गांवों में रहती है। कोरोना के पहले एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी, जिसके मुताबिक ग्रामीण भारत में जीडीपी में 1.8 ट्रिलियन डालर तक का योगदान दे सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास की रफ्तार तेज करने के लिए रूरल मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की बेहद जरूरत है। इस कोर्स के बाद अच्छी जॉब भी मिलती है और सैलरी भी काफी अच्छी है। रूरल मैनेजमेंट एक यूनिक स्पेस्लाइजेशन है। इसके स्पेस्लाइज्ड प्रोफेशनल्स भारत के ग्रामीण परिदृश्य के सुधार के लिए स्ट्रैटजी बनाने, मैनेज करने और इंप्लीमेंट करने के लिए विकास योजनाएं तैयार करते हैं जोकि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास को रफ्तार देता है। इस कोर्स में छात्रों को ग्रामीण विकास, आयोजन, निर्देशन, वित्तीय संस्थाओं आदि क्षेत्रों की जानकारी दी जाती है। यह कोर्स लगभग सभी सरकारी कॉलेज व यूनिवर्सिटी में उपलब्ध है। 12वीं के बाद छात्र पसंद के अनुसार डिग्री और डिप्लोमा कर सकते हैं। इसके बाद इसमें मुख्य कोर्स के तौर पर मास्टर, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम, एमबी और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी किया जा सकता है। इस कोर्स के बाद सरकारी क्षेत्र में जॉब में काफी संभावनाएं हैं।



### किस क्षेत्र में कोर्सेज



अगर आप रूरल मैनेजमेंट का कोर्स करना चाहते हैं, तो देश के किसी भी संस्थान ये डिग्री और डिप्लोमा कोर्सेज कर सकते हैं। इनमें मुख्य कोर्स के तौर पर एमबी इन रूरल मैनजमेंट, मास्टर ऑफ रूरल मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम इन रूरल डेवलपमेंट मैनेजमेंट और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल मार्केटिंग लोकप्रिय हैं। इन कोर्सेज में संबंधित संस्थान द्वारा संचालित प्रवेश परीक्षा, साक्षात्कार व ग्रुप डिस्कशन के आधार पर नामांकन होता है। इन प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने के लिए प्रतियोगी को किसी भी विषय में स्नातक या समकक्ष होना चाहिए। कुछ संस्थान पत्राचार द्वारा भी ये कोर्सेज करवाते हैं।

### ऐसे मिलेगी कोर्स में सफलता

अगर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं तो आपको कई स्किल्स के साथ कुछ ऐसी योग्यताओं की जरूरत पड़गी जो आपकी जरूरते पूरा करेंगी। इसके लिए मुख्यतौर पर आपमें ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने की इच्छा और उत्सुकता के साथ आपको कई स्किल्स बढ़ाने की जरूरत पड़गी। जिसमें बातचीत की कला, स्थानीय रीति-रिवाजों के प्रति संवेदनशीलता, विभिन्न प्रकार के लोगों में घुल-मिल जाना आदि। अन्य प्रबंधन कोर्सेज की तरह यहां भी विश्लेषण की क्षमताए नेतृत्व क्षमतां, समस्या निष्पादन क्षमता आदि लाभप्रद होती हैं।

### अनुमानित पैकेज

अगर आप इस फील्ड में एंट्री लेने वाले हैं तो आपको पता होना चाहिए कि इसमें शुरुआती सालाना पैकेज चार से पांच लाख रुपये सालाना होता है। वहीं अगर आपने शीर्ष संस्थानों से कोर्स किया है तो आपको सात से आठ लाख रुपये तक सालाना पैकेज मिल सकता है। इस फील्ड में दो-तीन साल का अनुभव व अच्छे कार्य- प्रदर्शन के बाद आप 10 से 15 लाख रूपये सालाना कमा सकते है। वहीं अंतरराष्ट्रीय संगठनों में पैकेज इससे कहीं ज्यादा होता है।

### जॉब ऑप्शन

इस क्षेत्र में छात्रों के लिए करियर के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। ये प्रबंधन के सभी कार्यात्मक क्षेत्रों में काम करते हैं, जैसे सिस्टम, मानव संसाधन, परचेज, मार्केटिंग, फाइनेंस, सामान्य प्रबंधन, प्रोजेक्ट इप्लिलमेंटेशन आदि। इस क्षेत्र के छात्र सरकारी और गैरसरकारी दोनों ही संस्थाओं में मैनेजर, नीति निर्माता, विश्लेषक, शोधकर्ता, सलाहकार आदि के रूप में कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा इनके पास सरकारी क्षेत्र में ग्रामीण विकास की योजनाओं, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में काम करने का अवसर होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले बैंक भी इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को बतौर प्रबंधक नियुक्त करते हैं। प्रतिभाशाली युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय एनजीओ, संयुक्त राष्ट्र संघ और उससे जुड़ी एजेंसियों में भी जाने का मौका होता है। निजी कंपनियों को भी आधुनिक संचार व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बाजार की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं, जिसके लिए प्रशिक्षितों की जरूरत होती है। कई स्वयंसेवी संगठन अपने यहां ग्रामीण प्रबंधक के रूप में ऐसे लोगों की नियुक्ति करते हैं, जो गांवों में विकास की योजना को अमलीजामा पहना सकें।

---

# कैट एग्जाम क्रैक करने के लिए अपनाएं ये रणनीति, अच्छे नंबरों से होंगे पास



**नई दिल्ली।** देश के प्रतिष्ठित एमबीए इंस्टीट्यूट्स में एडमिशन लेने के लिए आयोजित होने वाली कैट एग्जाम्स में हर साल बड़ी संख्या में छात्र बैठते हैं। यह एमबीएी कोर्स में एडमिशन पाने के लिए सबसे कठिन परीक्षा मानी जाती है। ऐसे में इस एग्जाम को क्रैक करने के लिए छात्रों को कड़ी मेहनत करनी होती है। इस साल 26 नवंबर 2023 को कैट परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय 120 मिनट का होगा। ऐसे में कैंडिडेट्स नीचे दिए गए टिप्स को फॉलो कर पहली बार में परीक्षा को क्रैक कर सकते हैं।

### जल्दी करें शुरुआत

अगर आप भी पहली बार में इस एग्जाम को क्रैक करना चाहते हैं, तो जल्द ही तैयारी शुरू कर दें। क्योंकि तैयारी के लिए एक साल का समय कम से कम चाहिए होगा। इस दौरान आप अपना पूरा सिलेबस और टॉपिक भी अच्छे से कवर कर लेंगे। ऐसे में तैयारी का पहला स्टेप जल्दी तैयारी करना है और दूसरा स्टेप समय से टाइम टेबल तैयार करना है।

### सिलेबस और टाइम टेबल

ऐसे में सिलेबस को पहले देख लें और उसके अनुसार अपना टाइम टेबल बनाकर तैयार करें। कौन से एरिया में आपको कितना समय लगता है और कौन सा एरिया आप आसानी से तैयार कर सकती हैं। इस हिसाब से आप अपनी पढ़ाई का पूरा टाइम टेबल सेट कर लें। साथ ही आपको यह भी पता होना चाहिए कि सिलेबस को कब तक खत्म करना है। कितने दिन प्रैक्टिस करनी है और कब रिवीजन होगा। ऐसे इन सारी चीजों का खाका पहले से तैयार कर लें।

### स्टडी मैटीरियल

कैंडिडेट्स को सिलेबस देखने के बाद अपने लिए रिसर्च करें। सिलेबस चुनकर स्टडी मैटिरयल एकत्र करें। हांलाकि इसमें कंफ्यूजन ना हो और कंफ्यूजन होने पर किसी सीनियर या फिर अपने किसी टीचर से उस कंफ्यूजन को दूर करें। बहुत सारा सिलेबस देखकर आप परेशान हो सकते हैं, इसलिए सिर्फ कुछ चुनिंदा नोट्स, टेस्ट पेपर और किताबें आदि रखें और उन्हीं से तैयारी करें।

### प्रैक्टिस है जरूरी

कैट एग्जाम को क्रैक करने के लिए सबसे जरूरी स्टेप तैयारी के साथ-साथ प्रैक्टिस टेस्ट सॉल्व करते रहना चाहिए। इस तरह से आप जान पाएंगे कि आपने कितनी तैयारी कर ली है। पिछले सालों के क्वेश्चन पेपर से भी तैयारी करें। इसके अलावा डिसप्लिन, प्लानिंग, सही स्टडी मैटीरियल, टाइम-टेबल और प्रैक्टिस का खास ध्यान रखें। इस स्टेप्स को फॉलो कर आप कैट एग्जाम में सफलता पा सकते हैं।

---

# जीवन एक लंबी यात्रा, इसमें परीक्षा के नतीजे केवल एक छोटा-सा पड़ाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन एक लंबी यात्रा है, और इस यात्रा में परीक्षा के नतीजे केवल एक छोटा-सा पड़ाव हैं। हम में से कई लोग अपने अंकों, ग्रेड्स या रैंक को अपनी पूरी पहचान मान लेते हैं। लेकिन क्या सचमुच यही आपकी पूरी कहानी है? नहीं, बिल्कुल नहीं! नतीजा सिर्फ एक संख्या है, और जीवन इससे कहीं अधिक व्यापक, सुंदर और अनमोल है।परीक्षा के परिणाम आपके मेहनत, समर्पण और अनुशासन का एक हिस्सा जरूर दर्शाते हैं। वे आपको यह समझने में मदद करते हैं कि आपने कितना सीखा और कहां सुधार की जरूरत है। लेकिन यह भूलना गलत होगा कि ये अंक आपकी पूरी योग्यता, आपके सपनों या आपके भविष्य को परिभाषित करते हैं। जीवन में सफलता केवल अंकों से नहीं मापी जाती। यह आपके जुनून, आपकी मेहनत, आपके रिश्तों, और सबसे महत्वपूर्ण, आपके आत्मविश्वास से तय होती है।

### अपेक्षित परिणाम नहीं पाया, तो यह दुनिया का अंत नहीं

अगर आपने इस बार अपेक्षित परिणाम नहीं पाया, तो यह दुनिया का अंत नहीं है। यह केवल एक संकेत है कि आपको नए रास्ते तलाशने हैं, नई रणनीतियां बनानी हैं, और शायद कुछ नया सीखना है। परीक्षा के परिणाम आपके मेहनत, समर्पण और अनुशासन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा जरूर दर्शाते हैं, क्योंकि ये दर्शाते हैं कि आपने कितनी लगन से पढ़ाई की, कितना समय अपने लक्ष्यों को दिया, और कितनी मेहनत से अपने ज्ञान को परखने की तैयारी की। ये अंक एक दर्पण की तरह हैं, जो आपको यह समझने में मदद करते हैं कि आपने कितना सीखा, कहां आप मजबूत हैं, और कहां सुधार की गुंजाइश है। लेकिन यह सोचना गलत होगा कि ये नंबर आपकी पूरी योग्यता, आपके सपनों, या आपके भविष्य को पूरी तरह परिभाषित करते हैं। जीवन एक विशाल कैनवास है, और परीक्षा के अंक उसमें केवल एक छोटा-सा रंग हैं। आपकी योग्यता केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है यह आपके जुनून, आपकी रचनात्मकता, आपके धैर्य, और आपकी असफलताओं से सीखने की क्षमता में भी झलकती है। आपके सपने उन ऊंचाइयों को छू सकते हैं, जो कोई मार्कशीट माप नहीं सकती। भविष्य आपके हाथों में है, और वह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितनी हिम्मत और लगन से अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते हैं, न कि केवल उन अंकों पर जो एक पेपर पर लिखे होते हैं। इसलिए, अपने परिणामों को एक पड़ाव मानें, अंत नहीं। अगर अंक अच्छे आए, तो गर्व करें, और अगर नहीं आए, तो यह समझें कि यह सिर्फ एक सबक है, जो आपको और बेहतर बनने का मौका दे रहा है। आपका असली मूल्य आपके आत्मविश्वास, आपकी मेहनत, और आपके सपनों को हकीकत में बदलने की इच्छाशक्ति में निहित है।

**जीवन की असली परीक्षा:** जीवन की असली परीक्षा कक्षा की चारदीवारी से बाहर होती है। यह वह परीक्षा है जहां आपको अपने डर का सामना करना पड़ता है, असफलताओं से उठना पड़ता है, और बार-बार कोशिश करनी पड़ती है। यह वह जगह है जहां आप सीखते हैं कि धैर्य, दृढ़ता और आत्मविश्वास आपके सबसे बड़े हथियार हैं।

क्या आपने कभी सुना है कि अल्बर्ट आइंस्टीन को स्कूल में ₹धीमा₹ समझा जाता था? या कि थॉमस एडिसन को उनके शिक्षकों ने ₹अनुपयोगी₹ कहा था? फिर भी, इन लोगों ने दुनिया को बदल दिया। उनका नतीजा उनकी प्रतिभा को परिभाषित नहीं कर सका, क्योंकि उन्होंने अपने जुनून और मेहनत पर भरोसा किया।

### असफलता: एक सीढ़ी, अंत नहीं

अगर इस बार आपका परिणाम उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, तो निराश होने की जरूरत नहीं है। असफलता कोई सजा नहीं, बल्कि एक सबक है। यह आपको बताती है कि आप कहां मजबूत हैं और कहां कमजोर। हर असफलता आपको बेहतर होने का मौका देती है। यह आपको सिखाती है कि हार मानना कोई विकल्प नहीं है। छात्र जीवन में हर अनुभव, चाहे वह जीत हो या हार, आपको मजबूत बनाता है। असफलता आपको यह सिखाती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। यह आपको अपने सपनों के लिए और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा देती है।

**जीवन के रंग, अंकों से परे :** जीवन केवल किताबों, नोट्स और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। यह दोस्ती, परिवार, हंसी, रोमांच, और अपने जुनून को खोजने का नाम है। यह उन छोटे-छोटे पलों में छिपा है जब आप किसी की मदद करते हैं, जब आप कुछ नया सीखते हैं, या जब आप अपने सपनों की ओर एक कदम बढ़ाते हैं।

**अपने आप से पूछें :** आप क्या बनना चाहते हैं? क्या आप एक वैज्ञानिक बनना चाहते हैं जो दुनिया को बदल दे? क्या आप एक कलाकार बनना चाहते हैं जो अपनी कला से लोगों के दिलों को छू ले? या शायद एक ऐसा इंसान जो दूसरों के लिए प्रेरणा बने? ये सपने किसी मार्कशीट से बड़े हैं।

---

## सामान्य ज्ञान

**1.** तवा किसकी सहायक नदी है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) महानदी
(डी) गोदावरी

**2.** निम्नलिखित में से कौन - सी नदी प्रारम्भ में अरुण नदी के नाम से जानी जाती है ?
(ए) सोन
(बी) कोसी
(सी) चम्बल
(डी) यमुना

**3.** निम्नलिखित में से किस नदी को 'उड़ीसा का शोक' कहा जाता है ?
(ए) महानदी
(बी) ब्राह्मणी
(सी) वैतरणी
(डी) दामोदर

**4.** इंदौर के समीप स्थित जनापाव पहाड़ी स्त्रोत है -
(ए) तापी नदी का
(बी) चम्बल नदी का
(सी) माही नदी का
(डी) महानदी का

**5.** भारत की लवण नदी के नाम से जानी जाती है -
(ए) माही
(बी) लूनी
(सी) बनास
(डी) साबरमती

**6.** कौन - सी नदी भेड़ाघाट के समीप कपिलधारा जलप्रपात का निर्माण करती है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) गोकक
(डी) शरावती

**7.** निम्नलिखित में से कौन - सी नदी ज्वारनदमुख का निर्माण करती है ?
(ए) राप्ती
(बी) महानदी
(सी) नर्मदा
(डी) स्वर्णरेखा

**8.** प्रायद्वीपीय भारत की निम्न नदियों में से कौन शेष तीन से विशिष्ट रूप से भिन्न है ?
(ए) नर्मदा
(बी) कावेरी
(सी) कृष्णा
(डी) गोदावरी

उत्तर 1.(ए) 2.(बी) 3.(ए) 4.(बी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(सी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप

### पंछियों के लिए दाना पानी का प्रबंध किया

**गोहाना।** युवा शक्ति संगठन की टीम शुक्रवार को शहर में नए बस स्टैंड के पीछे सीएसडी कैंटीन में पहुंची। टीम ने कैंटीन परिसर में पेड़ों पर पंछियों के लिए दाना और पानी का प्रबंध किया। मार्गदर्शन संगठन के अध्यक्ष प्रमोद भारती का रहा। गर्मी के मौसम में युवा शक्ति संगठन द्वारा हर वर्ष पंछियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की जाती है। संगठन ने मकान की छतों पर, पेड़ों और सरकारी कार्यालयों के परिसर में पेड़ों पर मिट्टी के कसारों में पानी और दाना रखा जाता है।

### अशोक अध्यक्ष, प्रवीण ललित उपाध्यक्ष चुने

**गोहाना।** शुक्रवार को सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन पशुपालन विभाग की गोहाना इकाई की बैठक सिविल रोड स्थित विभाग के कार्यालय में हुई। गोहाना इकाई की कार्यकारिणी का गठन किया गया।सर्वसम्मति से चुनाव में अशोक को अध्यक्ष, प्रवीण व ललित को उपाध्यक्ष चुना गया।

### राज्यस्तरीय कार्यक्रम में भेजी बस, यात्री परेशानी

**सोनीपत।** प्रशासनिक व सरकारी कार्यक्रमों में रोडवेज की लॉरी का उपयोग करना कम नहीं हो रही है। बृहस्पतिवार को विभाग की तरफ से रोडवेज की सोनीपत व गोहाना सब डिपो से 108 लॉरी रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय परशुराम जयंती कार्यक्रम में लोगों को ले जाने के चलते शुक्रवार को दैनिक यात्रियों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ा।

### स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन का समर इंटरर्नशिप प्रोग्राम शुरू

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन, जो बीते छह वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय है, ने इस वर्ष भी युवाओं के लिए विशेष समर इंटर्नशिप प्रोग्राम की शुरुआत की है। संस्था का उद्देश्य युवाओं द्वारा युवाओं का निर्माण करना है, जिससे वे समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी को समझें और सक्रिय भूमिका निभाएं। संस्थापक नितिन जैन ने बताया कि इस प्रोग्राम के तहत स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं को जमीनी स्तर पर सामाजिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलता है।

### महिला विवि के तीन गैर शिक्षण कर्मी सेवानिवृत्त

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में शुक्रवार को तीन गैर शिक्षण कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए। विवि में कुलपति कार्यालय के कांफ्रेंस कक्ष में तीनों कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कुलपति प्रो. सुदेश द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सराहना पत्र भेंट करके सम्मान सहित विदा किया गया।

### इंटर अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता 3 जून से

**सोनीपत।** हरियाणा खेल विभाग के तत्वावधान में जिला सोनीपत की इंटर अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता 3-4 जून 2025 को खड़कौदा स्थित प्रताप स्कूल के अखाड़े में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में केवल सोनीपत जिले के मूल निवासी पहलवान हिस्सा ले सकेंगे। टूर्नामेंट के दौरान अंडर-17 कैडेट, अंडर-21 जूनियर, सीनियर, जिला कुमार और जिला केसरी-इन पांच वर्गों में मुक़ाबले होंगे।

### सोनीपतः किशोरावस्था शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समाप्न

**सोनीपत।** जिला शिक्षा कार्यालय, सोनीपत द्वारा किशोरावस्था शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गेटवे इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत में किया गया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत व गैर-सरकारी संस्था 'ब्रेकथ्रू' के सहयोग से किया गया।

### मादक पदार्थ तस्करी का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अभिषेक उर्फ मिठू निवासी दहिया कॉलोनी, विकास निवासी रामनगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितो को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

---

## सोनीपत के 2366 शिक्षक होंगे शामिल, बच्चों को मिलेगा सशक्त शैक्षणिक मार्गदर्शन

# छुट्टियों में सजेगा शिक्षकों का 'शिक्षा शिविर'

# एफएलएन प्रशिक्षण से निखरेगा शिक्षण कौशल

### जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी और समन्वयक ने प्राचार्यों की बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नई शिक्षा नीति के तहत प्राथमिक शिक्षकों के शैक्षिक कौशल को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान एफएलएन (मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता) प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सोनीपत जिले के कुल 2366 शिक्षक भाग लेंगे। इन शिविरों का उद्देश्य बालवाटिका-3 से कक्षा 5 तक के बच्चों को अधिक प्रभावी और योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाने हेतु शिक्षकों को व्यावहारिक मार्गदर्शन देना है। शुक्रवार को मॉडल टाउन स्थित शिक्षा विभाग कार्यालय में इस संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना, जिला एफएलएन समन्वयक मनोज वर्मा तथा जिला परियोजना संयोजक सुजाता खत्री ने की। बैठक में जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।



सोनीपत। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बैठक लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### प्रशिक्षण की रूपरेखा

इस सातवें चरण के प्रशिक्षण में शिक्षकों को जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक विद्यार्थियों को साप्ताहिक रूप से पढ़ाने की रणनीति बताई जाएगी। प्रशिक्षण 3 या 9 जून से शुरू होकर 28 जून 2025 तक चलेगा। सटीक तिथियों और समय-सारणी की घोषणा शिक्षा निदेशालय द्वारा जल्द की जाएगी। ये शिविर बालवाटिका-3 से कक्षा 5वीं तक के शिक्षकों के लिए होंगे। पूर्व में छह चरणों में भी इस प्रकार का प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है। शिक्षकों को जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक विद्यार्थियों के सप्ताहवार शिक्षण की रणनीति दी जाएगी।

#### खंड स्तर पर होगा आयोजन

शिक्षकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए खंड स्तर पर प्रशिक्षण केंद्रों का निर्धारण किया गया है, जिससे सभी शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। अधिकारीगणों ने स्पष्ट किया कि यह प्रशिक्षण ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान इसलिए आयोजित किया जा रहा है ताकि स्कूल खुलते ही शिक्षक नई पद्धति के साथ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन शुरू कर सकें।

#### शिक्षकों की भागीदारी

सोनीपत जिले में कार्यरत 1842 शिक्षकों में से 259 शिक्षक अपने गृह जिले में प्रशिक्षण लेंगे। वहीं, प्रदेशभर में कार्यरत सोनीपत के 783 शिक्षक भी अपने गृह जिलों में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। कुल मिलाकर 2366 शिक्षक एफएलएन शिविरों में भाग लेंगे, जिनमें बाहर से आने वाले शिक्षकों को भी शामिल किया गया है।

#### शिविर की तैयारी के लिए बुलाई बैठक

ग्रीष्मकालीन अवकाश में एफएलएन शिविरों के माध्यम से शिक्षकों को विद्यार्थियों के प्रभावी मार्गदर्शन के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। शिविर की तैयारी हेतु शीघ्र ही सभी प्राचार्यों की बैठक बुलाई गई हैं।

*-मनोज वर्मा, जिला एफएलएन समन्वयक, सोनीपत*

---

## पेयजल पाइपलाइन दबाने के कार्य में जन स्वास्थ्य विभाग कर रहा लापरवाही

### कठिनाइयां झेलने को मजबूर लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर में पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा तेजी से किया जा रहा है, लेकिन विभाग की लापरवाही लोगों के लिए भारी मुसीबत बनती जा रही है। पाइपलाइन बिछाने के बाद गलियों की मरम्मत नहीं की जा रही है, जिससे लोगों को आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अब तक विभाग शहर की करीब 18 किलोमीटर गलियों में पाइपलाइन बिछा चुका है, जबकि कुल 60 किलोमीटर क्षेत्र में कार्य किया जाना है। कई इलाकों में गड्ढे खोदकर पाइप डाले जा चुके हैं, लेकिन मरम्मत कार्य अधर में लटका हुआ है। जिन गलियों में पाइपलाइन दबाई जा चुकी है उनमें से केवल कुछ गलियों की मुरम्मत हो पाई है। विभाग की आगे दौड़, पीछे छोड़ की नीति का नतीजा है कि लोग धूल, कीचड़ और दुर्घटनाओं के खतरे के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि अभी गर्मी है, लेकिन बीच-बीच में वर्षा भी हो जाती है, जिससे गलियों में निकलना भी मुश्किल हो जाता है। मानसून की दस्तक के साथ ही यह स्थिति और भयावह हो जाएगी। उखड़ी हुई गलियों में पानी भरने से न सिर्फ कीचड़ की समस्या बढ़ेगी, बल्कि बीमारियों का खतरा भी उत्पन्न होगा। स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग और दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक प्रभावित होंगे। लोगों ने प्रशासन से मांग करी है कि मानसून से पहले गलियों की मरम्मत हो जाए, अन्यथा विभाग की लापरवाही शहर के लिए बड़ी मुसीबत बन सकती है।



#### जल्द पूरा किया जाएगा

एसडीएम प्रवेश कादियान से ने इस बारे में बताया कि उन्होंने माना कि स्थिति गंभीर है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए। आमजन को असुविधा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

---

## गढ़ी केसरी से बड़ी गांव तक सड़क का चार लाख की लागत से पैचवर्क प्रारंभ

### सड़क टूटने के कारण परेशान थे आवागमन में वाहन चालक

- दोबारा से पहले वाले ठेकेदार की बैंक गारंटी को तोड़कर दूसरा टेंडर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गढ़ी केसरी से बड़ी गांव तक जाने वाली मार्किटिंग बोर्ड की सड़क पर पैचवर्क का काम मार्किटिंग बोर्ड द्वारा शुरू करवा दिया है। इसके लिए विभाग ने पेंच लगाने वाले एजेंसी को 4 लाख का टैंडर दिया है। पेंच लगने के बाद आवागमन करने वाले वाहन चालकों को सुविधा होगी। विभाग के जेई बिजेन्द्र दहिया ने बताया कि सड़क में इतने गहरे गड्ढे होने का कारण है कि इससे पहले सड़क में पेंच लगाने के लिए विभाग द्वारा टैंडर लगाया गया था। उस ठेकेदार ने काम नही किया तो अब दोबारा से पहले वाले ठेकेदार की बैंक गारंटी को तोड़कर दूसरा टैंडर लगाया है। सड़क चौड़ा करने के बारे में बताया कि इस बार सड़क को चौड़ा नही किया जाएगा। अगली बार सड़क रिपेयर नही होगी, सड़क का दोबारा से निर्माण करवाया जाएगा। ज्ञात रहे कि सड़क में गहरे गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब विभाग द्वारा सड़क में पेंच लगाने का काम शुरू करने के बाद राहत मिली है कि जल्दी पेंच लगने के बाद परेशानी दुर होगी।



सड़क को रिपेयर करने के लिए सामग्री तैयार करते एवं टूटी पड़ी सड़क में बिखरी रोड़ी।



---

## सफियाबाद में विधायक ने 86 लाभार्थियों को प्लाट की स्वामित्व प्रमाणपत्र प्रदान किए

### लाभार्थी 2008 से कर रहे थे प्रमाण पत्र मिलने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

विधायक कृष्णा गहलावत ने शुक्रवार को हलके के गांव सफियाबाद में हरियाणा सरकार द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत ड्रा आफ लाटस के माध्यम से लाभार्थियों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट की स्वामित्व प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। गांव में पहुंचने पर विधायक कृष्णा गहलावत का सरपंच सुखबीर कौशिक, ब्लाक समिति सदस्य दौलतराम भारद्वाज आदि ग्रामीणों ने पुष्प गुच्छ व फूलमालाओं से स्वागत किया। गांव के 86 पात्रों को प्लाट की स्वामित्व प्रमाणपत्र प्रदान करने के बाद संबोधित करते विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि यह योजना हरियाणा सरकार द्वारा गरीब परिवारों को रहने के लिए घर देने के लिए शुरू की गई थी। सफियाबाद में महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती के लोगों को पूरी सुविधा दी जा रही है। बस्ती में गलियां बनने व अन्य काम शुरू करवा रखे है। सरपंच सुखबीर कौशिक ने कहा कि बस्ती योजना के तहत प्लाटों की रजिस्ट्री मिलने का कार्य वर्ष 2008 से लंबित था। जाखौली मंडलध्यक्ष शेखर आंतिल ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया।



राई। विधायक कृष्णा गहलावत पात्रों को प्लाट का प्रमाण पत्र देते साथ में शेखर आंतिल व भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

जाखौली मंडलध्यक्ष अध्यक्ष शेखर आंतिल,भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल, मण्डल अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री, राकेश बारोटा, संजीत सबौली, महेन्द्र सिंह,राजेन्द्र सिंह खत्री, राम,जयप्रकाश नाहरी, नरेन्द्र, सतबीर सरोहा, कृष्ण, रमेश चन्द, अनिल बाल्मीकि, बलजीत, रघविन्द्र पंचायत मैम्बर ,जयकवार, जगदीश, अनिल, मोहन, ग्राम सचिव आदि मौजूद थे।

#### टीन शैड व चौपाल बनने के कार्य का उद्घाटन

वर्ष 2008 से महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के लाभार्थी 100-100 वर्ग गज के प्लाट की स्वामित्व प्रमाणपत्र लेने का इंतजार कर रहे थे। विधायक कृष्णा गहलावत ने उनकी मांग को पूरा करते हुए गांव के 86 पात्रों को प्रमाण पत्र दिए। उनमें गांव की महिलाओं को सबसे पहले देकर शुरूआत की। वहीं विधायक कृष्णा गहलावत ने गांव में ही ब्रहामण चौपाल में 13 लाख की लागत से बने टीन शैड का उद्घाटन, जरनल चौपाल में 14 लाख की लागत से टीन शैड का, 28 लाख की लागत से बनी ओबीसी चौपाल का उद्घाटन किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनावी संकल्प पत्र में किए वादों को धरातल पर उतारने का काम किया है।

---

### गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस

**सोनीपत।** गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहब राज मोहल्ला सोनीपत में शुक्रवार को सिखों के पांचवे गुरु गुरु अर्जुन देव महाराज का शहीदी दिवस बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरु के कीर्तनीय भाई करतार सिंह बाजपुर वाले ने संगत को कीर्तन द्वारा निहाल किया। महासचिव परमजीत सिंह ने बताया कि किस तरह से जहांगीर के शासनकाल में गुरु अर्जन देव को गर्म तवे के ऊपर बैठा कर शहीद किया गया था। इस अवसर पर नगर के सभी गुरुद्वारों में ठन्डे मीठे जल की छबील लगाई गई। रेलवे स्टेशन पर दशमेश अखाड़ा द्वारा एवं बस अड्डे पर गुरु तेग बहादुर सेवक दल द्वारा छबील लगाई गई। गुरुद्वारा साहब के अध्यक्ष सरदार गुरदयाल सिंह सोढ़ी, तजेंद्र पाल सिंह, अमरीक सिंह, हरजीत सिंह, हरबंस सिंह गांधी आदि उपस्थित रहे।



सोनीपत। राज मोहल्ला गुरुद्वारे में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित साध संगत।



सोनीपत। छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**सोनीपत।** थाना यातायात मुरथल में नियुक्त एसपीओ सुनील ने स्टूडेंट कैडेट कोर की क्लास लेकर सरकारी स्कूल गांव बडवासनी व पुलिस लाइन स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल, सोनीपत में विधार्थियों को यातायात नियमों के बारे किया जागरुक किया। इसका मुख्य उद्देश्य विधार्थियों को सडक सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया जाना था। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों बारे जागरूक किया। दोपहिया वाहन चालक हैल्मेट का प्रयोग अवश्य करें, वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार का नशा न करें, अंडरऐज को ड्राइविंग न करने दें, रॉन्ग साइड वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करें, लेन ड्राइविंग करें, पैदल यात्री जेब्रा लाईन का इस्तेमाल कर ही रोड क्रॉस करे यातायात पुलिस ने छात्रों से यातायात नियमों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की ।

### गुरु अर्जुन देव को किया नमन

**सोनीपत।** गुरुद्वारा श्री गुरु राम दास सिंह सिंह सभा, मॉडल टाउन में शुक्रवार को गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर महान कीर्तन दरबार सजाया गया और संगतों को गुरु जी की अद्भुती लसानी शहादत के बारे में बताया गया। बताया गया कि आज के दिन गुरु जी ने तपती लो के ऊपर बैठ कर जबर का जवाब सबर से कैसे दिया और मीठे पानी की छबील लगा कर गुरु जी को याद किया। गुरुद्वारा साहिब में बढ़ी संख्या में संगतों ने माथा टेक कर गुरु जी शहादत को नमन किया। जिसमे पन्थ के महान कीर्तनी भाई सरबजीत सिंह रंगीला (दुर्ग वाले) विशेष तोर पर पहुंच कर संगतों को गुरबानी से जोड़ा। इस मौके पर प्रधान हरचरण सिंह धमू, सचिव हरविंदर सिंह लाडी, हरजिंद्र दिलावरी, कुलवंत सिंह, विक्रम जीत सिंह व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



मॉडल टाउन में आयोजित कीर्तन दरबार के दौरान उपस्थित साध संगत।



सोनीपत। पुलिस आयुक्त से मुलाकात करते यूनियन के प्रतिनिधि।

### चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग

**सोनीपत।** भारतीय किसान नौजवान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पुलिस आयुक्त ममता सिंह से किसानों के मुद्दों पर मुलाकात की। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने किसानों की सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उनका समाधान करने के लिए पूर्ण विश्वास दिलाया। किसानों ने कहा कि जिले में खेतों में ट्यूबवेलों के तार, मोटर व अन्य सामान चोरी होने की घटनाएं हो रही है। जिससे किसानों को काफी परेशानियों एवं वित्तीय नुक्सान का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने पुलिस आयुक्त से निवेदन किया कि खेतों में किसानों के समान की चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस सख्त कदम उठाए। कमिश्नर ममता सिंह ने किसानों को विश्वास दिलाया कि खेतों में किसानों के समान की चोरी रोकने के लिए वे सख्त कदम उठा रही हैं और जल्द ही इसके नतीजे दिखने लगेंगे। कमिश्नर ने किसानों से कहा कि वे आने वाले दिनों में नशा मुक्ति अभियान के तहत गांव एवं ब्लॉक स्तर का दौरा करेंगी एवं नौजवानों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगी। किसानों ने कहा कि यदि प्रशासन गांव एवं ब्लॉक स्तर पर जागरूकता करने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाएगा।

---

**सुरक्षा पर नजर** आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों व प्रतिक्रिया की क्षमताओं को परखना उद्देश्य

# आज शाम को तीन जगहों पर नागरिक सुरक्षा अभ्यास किया जाएगा, रात को जिले भर में होगा ब्लैक आउट

- शाम 5 बजे ऑपरेशन शील्ड नाम से नागरिक सुरक्षा अभ्यास किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में 31 मई यानि शनिवार को शाम 5 बजे ऑपरेशन शील्ड नाम से नागरिक सुरक्षा अभ्यास किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार किए जा रहे इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों व प्रतिक्रिया की क्षमताओं को परखना है, ताकि आपात स्थिति को लेकर उचित प्रबंध किए जा सकें। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि यह नागरिक सुरक्षा अभ्यास सोनीपत सहित प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ संचालित किया जाएगा। अभ्यास के दौरान नागरिकों को जागरूक करना, प्रशासनिक एवं सुरक्षा एजेंसियों की समन्वय प्रक्रिया को सुदृढ़ करना व संभावित आपातकालीन स्थितियों से निपटने की रणनीति को व्यावहारिक रूप से लागू करना मुख्य उद्देश्य रहेगा। इससे पहले 7 मई को देशभर में पहली मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया था। जिसे ऑपरेशन शील्ड का पहला चरण माना गया था। अब इसका दूसरा चरण अधिक व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। इसमें होमगार्ड, एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स के अलावा प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है, ताकि लोगों को आपात स्थितियों के प्रति जागरूक किया जा सके। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि आपातकालीन चेतावनी सायरनों की सक्रियता, कार्यप्रणाली की जांच, कंट्रोल रूम की तैयारियों का मूल्यांकन व आपात सेवाओं की प्रतिक्रिया समय को भी परखा जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, नगर निगम, विद्युत विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को अभ्यास में भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह अभ्यास न केवल प्रशासन की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करेगा, बल्कि लोगों को भी आपदा की स्थिति में सजग रहने व सही कदम उठाने के लिए प्रेरित करेगा।

#### रात 8 बजे से 15 मिनट के लिए ब्लैकआउट

ऑपरेशन शील्ड के तहत 29 मई रात 8 से 8:15 बजे तक ब्लैकआउट का अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रों में बिजली बंद रखने का आह्वान किया गया है। यह अभ्यास स्वैच्छिक होगा। उपायुक्त ने जिलावासियों का आह्वान किया कि वह ऑपरेशन शील्ड में सहयोग करते हुए ब्लैकआउट में भाग लें।



सोनीपत। समारोह के दौरान चयनित विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य एवं अन्य।

### अलंकरण समारोह का आयोजन

**सोनीपत।** इंडियन स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य राजेन्द्र सिंह गाहल्याण की अध्यक्षता में विद्यार्थियों को सुभाष, टैगोर, अशोका और रमन चार सदनों में विभाजित किया गया। जिसमें हेड गर्ल मानसी, हेड बॉय केशव राठी, स्पोर्ट्स कैप्टन लवनीत, डिसिप्लिन कैप्टन सत्यम और चारों सदनों के कैप्टन निशा, निधि, साक्षी, योगिता को नियुक्त किया गया। इसके अलावा वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन, डिसिप्लिन वाइस कैप्टन, लेग्वेंज कैप्टन, हैल्थ एण्ड हाइजीन कैप्टन चयनित किए गए। नवनियुक्त सदस्यों को शपथ दिलाई गई कि वे अपने निर्धारित कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा के साथ पालन करेंगे। चयनित छात्र-छात्राओं ने भी अपनी कृतज्ञता अभिव्यक्त करते हुए अपने कर्त्तव्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने का आश्वासन दिया। प्राचार्य राजेन्द्र सिंह गाहल्याण ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया। सभी शिक्षकों ने चयनीत सदस्यों को बधाई देते आजीवन संस्कारवान बने रहने के लिए प्रेरित कर शुभाशीष दिया।

## खबर संक्षेप

### खरखौदा के एक घर से नकदी व आभूषण चोरी

**खरखौदा।** शहर के वार्ड नंबर 7 थाना रोड निवासी सुनील कुमार ने थाना खरखौदा में चोरी की शिकायत दी है। सुनील ने बताया कि 23 मई को शुक्रवार के दिन वह अपनी पत्नी के साथ रिश्तेदारी में गया था। घर पर ताला लगाकर निकले थे। उनका बड़ा बेटा दुकान पर था। शाम करीब पौने छह बजे बेटा जब दुकान से घर पहुंचा तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। उसने तुरंत सुनील को फोन किया और 112 नंबर पर कॉल की। सुनील जब घर पहुंचा तो सारा सामान बिखरा हुआ मिला।

### योग दिवस की तैयारियों के तहत कराया योगाभ्यास

**गन्नौर।** आयुष विभाग के निर्देश पर 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राम अवतार सिंह के नेतृत्व में आयुष योग सहायक सुनील द्वारा नयाबांस, बिलंदपुर, समसपुर गामड़ा सहित कई गांवों के विद्यालयों में योग अभ्यास कराया गया। इस दौरान छात्रों को विभिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित खांडा गांव का रहने वाला सूरज है, जिसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। एसआई चांद अपनी टीम के साथ गश्त पर थे, टीम ने खरखौदा से खांडा की तरफ जा रहे एक युवक को पकड़ा, जिसके पास से अवैध पिस्तौल बरामद हुई।

### कांग्रेस को नकार चुकी है जनता : मंत्री गौतम

**सोनीपत।** खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि जनता कांग्रेस पार्टी नकारा हो चुकी है। यह पार्टी अब तक प्रदेश को विपक्ष का नेता नहीं दे पाई है। बिना विपक्ष नेता के विधानसभा सत्र चलाया जा रहा है। ऐसे में कांग्रेस को सत्ता में आने का सपना नहीं लेना चाहिए। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम शुक्रवार शाम लघु सचिवालय में जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक लेने पहुंचे थे। समिति की बैठक के उपरांत खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कांग्रेस के नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता अब जागरूक है और झूठे वादों में नहीं आने वाली है।

---

### मेयर राजीव जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया ऐतिहासिक निर्णय

# शहर के चौराहों का रूप बदलेगा, शिक्षण संस्थान संभालेंगे सौंदर्यकरण की कमान



सोनीपत। बैठक के दौरान स्कूल संचालकों के साथ मेयर राजीव जैन।

**महापुरुषों के नाम पर बने चौराहों के रखरखाव एवं सौंदर्यकरण का विशेष अभियान चलाया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

शहर की सुंदरता बढ़ाने और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सोनीपत नगर निगम ने एक सराहनीय पहल की है। महापुरुषों के नाम पर बने चौकों के रखरखाव एवं सौंदर्यकरण का विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की अनोखी बात यह है कि सौंदर्यकरण के बाद इन चौकों की देखरेख की जिम्मेदारी शहर की प्रमुख शिक्षण संस्थाएं उठाएंगी। इस संबंध में गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मेयर राजीव जैन ने की। बैठक में चौकों के रखरखाव, स्वच्छता अभियान और नगर सौंदर्यीकरण से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। मेयर राजीव जैन ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल न केवल नगर को सुंदर बनाएगी बल्कि छात्रों और नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगी। महापुरुषों की स्मृति को सम्मान देने का यह तरीका पूरे शहर के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा। नगर निगम द्वारा शीघ्र ही चौकों के सौंदर्यकरण का कार्य आरंभ किया जाएगा, जिसमें हर चौक पर आकर्षक सजावट, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां भी शामिल होंगी। बैठक में राकेश कुच्छल, नीरज शर्मा, राहुल मंगला, प्रेम ओझा, दीपक, राजेंद्र और जितेंद्र चावला सहित कई गणमान्य नागरिक व संस्था प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**शिक्षण संस्थाओं द्वारा जिन चौराहों की जिम्मेदारी ली गई है, वे इस प्रकार हैं:**

| | |
|---|---|
| ज्योतिबा फुले चौक | जैन विद्या मंदिर |
| छोटू राम चौक | इंडियन स्कूल |
| नंदी चौक | ऋषिकुल विद्यापीठ |
| सुभाष चौक | सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल |
| तिरंगा चौक | सेफ इंडिया फाउंडेशन |
| विवेकानंद चौक | रोटरी क्लब |
| महाराणा प्रताप चौक | गेटवे इंटरनेशनल स्कूल |
| पंडित श्रीराम शर्मा चौक | ऋषिकुल विद्यापीठ |
| आईटीआई चौक | लिटिल एंजल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल व इनरव्हील क्लब |
| महाराजा अग्रसेन चौक | श्री जी इंटरनेशनल |
| देवीलाल चौक | दी हिन्दू एजुकेशनल सोसाइटी |
| अम्बेडकर चौक | दी हिन्दू एजुकेशनल सोसाइटी |
| कालूपुर चुंगी चौक | ज्ञान विद्यापीठ |
| भगत सिंह चौक | विजय हाई स्कूल |
| अरूड जी महाराज चौक | बीएम इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग |
| गीता चौक | डीएवी स्कूल |
| चंद्रशेखर आजाद चौक | ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल |
| परशुराम चौक | जेकेपी इंटरनेशनल स्कूल |

---

## राई बीडीपीओ सुरेन्द्र को मिला गन्नौर का अतिरिक्त कार्यभार

- राई ब्लाक में सीएम वींडों, जनसवांद व पीजी पोर्टल पर कोई शिकायत व समस्या पेंडिग नहीं,गन्नौर में भी यही प्रयास : सुरेन्द्र आर्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर



गन्नौर। बीडीपीओ (एचसीएच) सुरेन्द्र आर्य।

गन्नौर की खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के लंबे तक अवकाश पर जाने के कारण उपायुक्त ने राई के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (एचसीएच) सुरेन्द्र आर्य को सौंपा है। सुरेन्द्र आर्य ने बताया कि गन्नौर खंड में कार्यभार संभालने के बाद उनकी प्राथमिकता रहेगी कि जिस तरह से उनके राई खंड कार्यालय में कार्यभार संभालने के बाद राई खंड कार्यालय में समस्याओ व शिकायतों के समाधान में पूरे जिले में ब्लाक प्रथम स्थान पर रहा था। सीएम वींडों, जनसवांद व पीजी पोर्टल पर कोई शिकायत व समस्या पेंडिग नही है। (एचसीएच) सुरेन्द्र आर्य ने बताया कि उसी तर्ज पर उनकी गन्नौर ब्लाक में भी प्राथमिकता रहेगी कि गन्नौर में भी सीएम वींडों, जनसवांद व पीजी पोर्टल पर कोई शिकायत व समस्या पेंडिग नही रहे। इसके लिए कार्यालय के सभी कर्मचारियों का सहयोग लिया जाएगा। इसके अलावा उनका यह भी प्रयास रहेगा कि कार्यालय में खंड कार्यालय में सभी कर्मचारी व अधिकारी जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालय में मिलेगे। इसके बाद भी लोगों को कोई दिक्कत आए तो वे उन्हें अवगत करवाए। उनकी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

### छात्राओं ने समर कैंप में भाग लेकर खूब लुत्फ उठाया

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां स्थित कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राइमरी कक्षा की छात्राओं के लिए एक दिवसीय समर फन डे कैम्प का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या सुमिता सिंह ने की। संयोजन विद्यालय की प्राइमरी विंग की अध्यापिका सुनीता और दिव्या का रहा। कैंप में छात्राओं ने रंगों के माध्यम से इन्द्रधनुष, थम्ब पेंटिंग स्प्लैश द पिन, बॉल एन्ड बास्केट, फिल द सर्कल विद बॉटल व बिल्डिंग ब्लॉक फिलिंग गतिविधियों में भाग लेकर खूब लुत्फ उठाया। कैंप में छात्राओं की विभिन्न इंडोर और आउटडोर गेम व ब्रेन गतिविधियां करवाई गई। अध्यापिकाओं ने जुम्बा फॉर किड्स, अरेबिक एवं नृत्य गतिविधियों से कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम में मन्नत, परी, ईशा, अवनी और कणिका को समर क्वीन चुना गया। स्प्लैश द पिन में प्रथम स्थान रितिका प्रथम, अंशिका द्वितीय और प्रिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। बॉल एड बास्केट में शिखा अव्वल रही। पल्लवी द्वितीय और सुनीता तृतीय स्थान पर रही। थम्ब पेंटिंग में विधि, वंशिका और रूबी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं।

---

## हत्या के मामले में गवाही देने के विरोध में किसान पर हमला, घायल करने का आरोप

- खेत में जुताई करते समय किसान पर किया हमला, आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

मुरथल थाना क्षेत्र में खेत में जुताई करने गए किसान पर हत्या के केस में गवाही देने की रंजिश के चलते हमला कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितो की तलाश कर रही है।

गांव मेहंदीपुर निवासी फूल सिंह ने बताया कि उसका पिता खेती बाड़ी का काम करता है। कई साल पहले उसके भतीजे निखिल की हत्या कर दी थी। मामले में वह मामले में गवाह है। वह अपने खेत में ज्वार की फसल बोने के लिए गया था। खेत में वह जुताई कर रहा था। उसी दौरान विशाल, सुरेंद्र उर्फ पठान एक ट्रैक्टर व दीपक, चिन्नू दूसरे ट्रैक्टर पर आ गए।

उन्होंने अपने ट्रैक्टरों को उसके ट्रैक्टर के सामने अड़ा दिया। उसके बाद विशाल ने कहा कि उसे गवाही देने का मजा चखाते है। उसके ऊपर हमला कर दिया। उस पर लकड़ी के बिट्टों हमला कर दिया। झगड़े की सूचना मिलते ही उसका पिता व भतीजा विकास मौके पर आ गया। उन्होंने बीच-बचाव करके उसे छुड़वाया। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

परिजन उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उसने अपना उपचार करवाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितो को नामजद करते हुए विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सुशील ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितो को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## एप इंस्टॉल कराकर किसान के खाते से उड़ाए पांच लाख

- बैंक अधिकारी बनकर दिया झांसा, पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत
- व्यापारी से ट्रेडिंग करवाकर शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच देकर नौ लाख से ज्यादा की की राशि ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिले में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग का झांसा देकर व्यापारी से नौ लाख से ज्यादा की राशि ठगने व किसान से बैंक अधिकारी बनकर एप इंस्टाल करवाकर पांच लाख रुपये की राशि ठगने के मामले सामने आए है। पीड़ितों ने मामलों को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सेक्टर-23 साइबर थाना सोनीपत पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है।

मिशन चौक निवासी मनोज जैन ने बताया कि उसके पास अलग-अलग नंबरों से कॉल और व्हाट्सएप पर संपर्क कर एक लिंक भेजा गया और कंपनी से पैसे निवेश करने को कहा गया। साथ ही निवेश पर 20 से 30 प्रतिशत तक लाभ मिलने का प्रलोभन दिया गया। पीड़ित ने बताया कि वह साइबर ठगों के झांसे में आ गया और एक अप्रैल से 20 मई तक नौ लाख से अधिक की राशि कंपनी के विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर दी। जब उन्हें कोई लाभ नहीं मिला तो उसने रुपये वापस देने के लिए कहा, लेकिन उसकी राशि वापस नहीं की गई। मामले को लेकर सेक्टर-23 सोनीपत पुलिस को शिकायत दी। जांच अधिकारी एएसआई नवीन ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। ठगों ने फर्जी वेबसाइट और दस्तावेजों के आधार पर खाते खुलवाने की जानकारी मिली है। इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। जल्द से जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

गांव न्यात गोहाना निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि उसने पंजाब नेशनल बैंक से लोन लिया था, जिसका भुगतान कर दिया, लेकिन फिर भी उनके खाते से किस्त की राशि कट रही थी। समस्या के समाधान के लिए वह पंचकूला स्थित पीएनबी के मुख्यालय पहुंचा, जहां से उन्हें संबंधित दस्तावेज ईमेल करने को कहा गया। राजेंद्र ने 17 मई को जैसे ही दस्तावेज ईमेल किए, कुछ देर बाद उनके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कालर ने खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए कस्टमर सपोर्ट नाम की एप इंस्टॉल कराई।

पीड़ित ने जैसे ही एप इंस्टॉल किया उसका मोबाइल हैक हो गया और बैंक की ईमेल आईडी बदल दी और खाते से पांच लाख रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई उसके बाद सेक्टर-23 साइबर थाने में पहुंचकर शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी, एसआई नवदीप ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

---

## प्रयास स्कूल में नेत्र जांच व रक्तदान शिविर आज

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में भारत विकास परिषद व रोटरी क्लब गन्नौर द्वारा शनिवार को रक्तदान व निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी भारत विकास परिषद के शाखाध्यक्ष संदीप सिंघल व भाविप अध्यक्ष मनीष बंसल ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि शिविर में शुगर, बीपी, एचबी, कैल्शियम व कोलेस्ट्रोल की जांच की जाएगी। वहीं मोतियाबिंद के रोगियों को निश्शुल्क आपरेशन मौजी राम लायंस आई अस्पताल, दिल्ली में करवाया जाएगा। जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मे व दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत




सोनीपत। मेधावियों को सम्मानित करते स्कूल चेयरमैन, प्रबंधक, प्राचार्य एवं अन्य।

रतनगढ़-माजरा स्थित सर छोटूराम मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दसवीं और बारहवीं कक्षा के उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सुभाष सांगवान (लेफ्टिनेंट), जयप्रकाश छिक्कारा (सीनियर एडवोकेट क्राइम ब्रांच), उत्सव दहिया (चेयरमैन स्टैंडफोर्ड स्कूल), सुरेश नैन (जिला पार्षद) व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बारहवीं कक्षा में कुमारी प्रिया ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयुष 93 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर और प्राची 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा दसवीं में आकृति 93 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम और रिशिका 92.2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। सभी मेधावी छात्रों को फूल माला, नकद राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में टॉपर्स के अभिभावकों की उपस्थिति ने माहौल को और भी गौरवमयी बना दिया। स्कूल के चेयरमैन जगदीश लोहचब व प्रबंधक बिमला दहिया ने सभी छात्रों को कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रेरणा दी। प्रिंसिपल डॉ. मेहर सिंह आर्या ने अपने संबोधन में कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल ने मुख्य अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उपप्राचार्य अनिता लोहचब व बिजेन्द्र छिक्कारा ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन जगदीश लोहचब, प्रबंधक बिमला दहिया, सेक्रेटरी कविता लोहचब, प्राचार्य मेहर सिंह आर्या, उपप्राचार्य अनिता लोहचब ने सभी मेधावी छात्रों की मेहनत व लगन की सराहना की।

### हरिभूमि का तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान आज

**सोनीपत।** अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए राष्ट्रीय हिंदी दैनिक हरिभूमि द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के मौके पर तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया जा रहा है। हर वर्ष की तरह 31 मई को सोनीपत रेलवे स्टेशन पर इस अभियान के तहत लोगों को तम्बाकू की वजह से होने वाली हानियों के बारे में जागरूक किया जाएगा और लोगों को तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने की शपथ दिलाई जाएगी। तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान सोनीपत रेलवे स्टेशन पर सुबह 8 बजे दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान के शुभारंभ अवसर पर विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन, कांग्रेस नेता कमल दिवान, कांग्रेस नेता ललित पंवार मौजूद रहेंगे। अभियान में जीवीएम शिक्षण संस्थान, जैन विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी स्कूल और लर्निंग यार्ड स्कूल हरिभूमि के साथ सहयोगी की भूमिका में हैं।



राई। प्रधानाचार्य डा. प्रवीन व कोच स्कूल के हरियाणा राज्य थ्रो बॉल टीम में चयनित छात्रों के साथ।

### रुक्मिणी देवी स्कूल के आठ खिलाड़ियों का हरियाणा थ्रो बॉल टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राई

रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल के आठ होनहार खिलाड़ियों का हरियाणा राज्य थ्रो बॉल टीम में चयन हुआ। प्रधानाचार्य डा. प्रवीन ने बताया कि विद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र नितेश, लवण, आदित्य, लविश, अनुसार दर्श, जयवेश, हर्षित, समर्थ आदि खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तरीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। 30 वीं सब जूनियर-राष्ट्रीय प्रतियोगिता 20 जून से 22 जून तक शिरडी महाराष्ट्र में आयोजित होगी। प्राधानाचार्य डॉ. प्रवीन गुप्ता व थ्रो बॉल कोच विनित दहिया ने सभी खिलाडियों को शुभकामानाए देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक है।



### योग दिवस की तैयारियों को लेकर छात्रों को दिया प्रशिक्षण

**गन्नौर।** आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. रामअवतार व आर्यवैदिक आर्युवैदिक चिकित्सा अधिकारी डा. रजनीश वर्मा के नेतृत्व में अर्न्तराष्टिय योग दिवस की तैयारियों को लेकर योग सहायक रितू जी.ए. डी. खिजरपुर अहीर द्वारा दो गांवों के राजकीय स्कूलों में छात्रों को योग का प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ योग सीखा और जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### ओम पब्लिक स्कूल में काउंसलिंग सत्र का किया आयोजित

## पॉक्सो एक्ट, डायल 1098 व 112 का उपयोग समझाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना





गोहाना। काउंसलिंग सत्र को संबोधित करते हुए वक्ता और उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग द्वारा शुक्रवार को गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल में शिक्षक और विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। शैक्षणिक खंड मुंडलाना के खंड शिक्षा अधिकारी राजकुमार पंघाल और स्कूल की निदेशक निर्मल लाठर ने अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने की।

मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग के सदस्य डॉ. मांगे राम ने कहा कि बच्चों से शारीरिक और मानसिक विकास के लिए उनको हिंसा, शोषण, दुव्र्यवहार और उपेक्षा से सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। बाल संरक्षण अधिकार केवल कानून तक सीमित नहीं हैं बल्कि यह एक व्यापक दृष्टिकोण है जो बच्चों की सुरक्षा और कल्याण के लिए काम करता है। विशिष्ट अतिथि आयोग की सदस्य मीना शर्मा रहीं। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. रितु गिल ने पॉक्सो एक्ट के साथ डायल 1098 और डायल 112 के उपयोग की जानकारी दी। उनके अनुसार इन सेवाओं के माध्यम से बच्चों को बाल उत्पीडऩ से बचा सकते हैं। इस दौरान आयोग की टीम ने स्कूल में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं और सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत स्कूल के वाहनों की भी जांच की।